पत्रांक–11/यो0.04–201/2026 (अंश)......934

बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

सज्जन आर0 भा0प्र0से0
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक– 29-5-26

विषयः– सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में शिक्षकों के चयन के संबंध में।

महाशया/महाशय,

उपर्युक्त विषयक कहना है कि दिनांक–27.05.2026 को राज्य के सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के संचालन के संदर्भ में विभिन्न बिन्दुओ पर समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में अधिकांश सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में उपलब्ध रिक्ति के अनुसार शिक्षकों का चयन अपेक्षाकृत कम हुआ है।

उल्लेखनीय है कि सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) की स्थापना राज्य सरकार के सात निश्चय–3 कार्यक्रम के तहत "उन्नत शिक्षा–उज्ज्वल भविष्य" एजेंडा के तहत की गयी है, जिसमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता हेतु सभी सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में उपलब्ध रिक्ति के अनुसार शिक्षकों का चयन किया जाना आवश्यक है।

अतएव वर्णित स्थिति में सभी सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) में रिक्त रह गए पदों पर शिक्षकों के चयन हेतु प्रावधानित मानक संचालन प्रक्रिया (SoP) के आलोक में निम्न रूपेण समय–तालिका के अनुसार चयन समिति को निदेश दिया जाता है:–

| क्र0 सं0 | विवरण | समय–सीमा |
|---|---|---|
| 1 | आवेदन आमंत्रण/प्राप्ति की तिथि | 01–04 जून 2026 |
| 2 | आवेदनों की जाँच एवं समीक्षा | 05–07 जून 2026 |
| 3 | साक्षात्कार का संचालन | 08–12 जून 2026 |
| 4 | चयनित शिक्षकों की सूची का प्रकाशन | 13 जून 2026 तक |

विश्वासभाजन

(सज्जन आर0)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

AnyScanner
Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक–11/यो0.04–201/2026 (अंश) 934 पटना, दिनांक– 29-5-26

**प्रतिलिपिः**–सभी उप विकास आयुक्त/सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं सभी शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

ज्ञापांक SSA - 1058 / बक्सर, दिनांक 01.06.2026

प्रतिलिपिः–सभी माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालय जिला–बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी, जिला–बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, बक्सर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

जिला शिक्षा पदाधिकारी
बक्सर

01/06/2026

AnyScanner

Scanned with OKEN Scanner